भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

# नराकास सचिवालय

फा.स : भाखेप्रा/नराकास/3085/2026-27/665 दिनांक : 15.07.2026

सेवा में,

**संयुक्त निदेशक (कार्यान्वयन) एवं परामर्शदाता**
**उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1 (दिल्ली),**
**तृतीय तल, त्रिकूट –II, आर.के.पुरम,**
**नई दिल्ली-110066**

**विषय : नराकास दक्षिण दिल्ली – 2 की सदस्यता रद्द करने के संदर्भ में।**

महोदय/महोदया,

इस संबंध में, सूचनार्थ प्रस्तुत है कि आपके द्वारा नराकास दक्षिण दिल्ली – 2 के कार्यालयों की अद्यतित सूची अध्यक्ष कार्यालय को ई-मेल के माध्यम से प्रेषित की गई थी। प्राप्त सूची के अनुसार **ऊपरी यमुना बोर्ड कार्यालय** को नराकास दक्षिण दिल्ली – 2 की सदस्य सूची में दर्शाया गया है। (प्रति संलग्न)

इस कार्यालय को दिनांक 09.07.2026 को ऊपरी यमुना नदी बोर्ड कार्यालय ने ई-मेल के माध्यम से सूचित किया है कि संबंधित कार्यालय, ऊपरी यमुना नदी बोर्ड सचिवालय कार्यालय सेक्टर – 62 नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश – 201309 में स्थानांतरित हो गया है तथा उसने **नराकास (नोएडा) की सदस्यता ग्रहण कर ली है**। नियमानुसार केंद्र सरकार का एक ही कार्यालय दो नराकास नोडल कार्यालय का सदस्य नहीं हो सकता। (प्रति संलग्न)

इस संबंध में, अनुरोध है कि उक्त कार्यालय की नराकास दक्षिण दिल्ली -2 की सदस्यता को निरस्त कर नई अद्यतित सूची इस कार्यालय को प्रेषित करने की कृपा करें।

संलग्न : यथा उपरोक्त

गी पाराशर 15/07/26

**(डॉ. गीता पाराशर)**
**निदेशक/प्रभारी (राजभाषा)**

प्रतिलिपि : -

1. महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण
2. सचिव, भारतीय खेल प्राधिकरण
3. कार्यकारी निदेशक (राजभाषा)
4. सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग – अपलोड हेतु
5. मास्टर फाइल

गी पाराशर 15/07/26

**(डॉ. गीता पाराशर)**
**निदेशक/प्रभारी (राजभाषा)**

Gmail

अध्यक्ष नराकास दक्षिण दिल्ली-2 <narakas.saiho@gmail.com>

## गूगल शीट में विवरण भरने के संबंध में।

Ravi Bhushan Kumar <uyrb-mowr@nic.in> Thu, Jul 9, 2026 at 2:59 PM
To: "\"अध् यक्ष नराकास दक्षिण दिल् ली-2\"" <narakas.saiho@gmail.com>, Director <dir.ccrt@nic.in>, secy-sai <secy-sai@gov.in>, "hindi.ccrt" <hindi.ccrt@nic.in>, ratiramccrt <ratiramccrt@gmail.com>, Lingam Ganesh <ddgenadmn.ccrt@gov.in>, Rajbhasha SAI <hindi-sai@gov.in>
Cc: hindi Mowr <hindi-mowr@nic.in>, hindi Mowr <hindi@mowr.nic.in>

महोदया/ महोदय,

कृपया इस कार्यालय के पत्र संख्या:11014/21/2020-उयरब दिनांक 02.05.2024 एवं प्रतिउत्तर में आपके ई-मेल पत्र दिनांक 14 मई, 2024 03:42 बजे दोपहर को ग्रहण करें। आप से कहना है कि **ऊपरी यमुना नदी बोर्ड सचिवालय कार्यालय सेक्टर-62, नोएडा, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश- 201309** में फरवरी 2024 में स्थानांतरित होने के बाद अब नराकास (नोएडा) के अंतर्गत पंजीकृत होकर नराकास नोएडा का सदस्य कार्यालय है। अत: आपसे पुन: अनुरोध है कि कृपया इस कार्यालय का नाम अपने पता सूची से हटवा देवें। केंद्र सरकार का एक ही कार्यालय दो नराकास नोडल कार्यालय का सदस्य नहीं हो सकता है।

आपने अपने दिनांक 14.05.2024 के ई-मेल द्वारा जून 2024 की नराकास बैठक के बाद सदस्यता रद्द करने का आश्वासन दिया था। उस बैठक में इस कार्यालय के अध्यक्ष महोदय भी शामिल हुए थे। दिनांक 06.07.2026 के आपने अपने ई-मेल द्वारा 31.03.2026 को समाप्त अवधि की छमाही रिपोर्ट भेजने का अनुरोध किया था। वह भी आज दिनांक 09.07.2026 को अन्य ई-मेल द्वारा भेजी जा चुकी है।

अत:, आपसे पुन: अनुरोध है कि आपके ई-मेल मास्टर डेटा रिकॉर्ड से इस कार्यालय के अधोलिखित ईमेल हटवा देवें एवं आपके सदस्यता सूची में से भी इस कार्यालय का नाम हट कर सदस्यता रद्द करने की कृपा करें।

**ऊपरी यमुना नदी बोर्ड सचिवालय कार्यालय सेक्टर-62, नोएडा, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश- 201309 की ई-मेल:** <uyrb-mowr@nic.in>

आपके सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सादर प्रस्तुत है।

भवदीय

(राज कुमार शर्मा)
परामर्शदाता एवं हिन्दी प्रभारी
ऊपरी यमुना नदी बोर्ड, यमुना भवन,
सेक्टर-62, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201309

[Quoted text hidden]

भारतीय खेल प्राधिकरण Sports Authority of India
प्राप्ति सं./Diary No. 293 ... 09/07/26
नराकास कार्यालय, दक्षिण दिल्ली-02 TOLIC Office, South Delhi-02